Bridal Costumes of India

Weddings are a great way to experience the first hand experience of the culture, rituals, food habits, clothing and lifestyles of any community. In India, wedding is a celebration, where everyone is invited to bless, bride and groom on their new journey.

Red is the predominant color of bridal custom in India. In our culture, it means new beginnings, passion, and prosperity. Red also represents the Hindu goddess Durga, who symbolizes new beginnings and feminine power. In Indian culture, the woman is the one who is leaving her house and going to the man's house to be with his family. It's a far bigger change for the woman than the man, so it is appropriate that she be the one commanding the most attention and wearing a bold color like red that symbolizes new life.

The Indian bride usually wears a wedding sari or lehenga according to the regional traditions. In Indian culture, wedding dress of a bride comes from groom's side as a Shagun. While the saree is preferred as the bridal dress in South India, West and East India, traditional wear such as the mekhela sador is preferred in North-east India and brides of the North of India prefer Lehenga, Gagra Choli and Odni as bridal dresses.

The Kashmiri bride complement her looks with weaved saress which are remarkably jazzy due its adorned work. The bride completes her wedding look with Tarang, Kalpush, Zoojhis and matching dupatta. Their jewelry consists of heavy necklaces, bangles, payals and special ornament called Dejharoo, akin to a Mangalsutra in Indian culture.

The Punjabi Brides wear a Salwar Kameez, an extremely opulent pant suit, or lengha. The bride wears white and dark red bangles made of ivory known as 'Chooda'. They are usually in multiples of four and according to tradition the bride must wear it for at least a year after her marriage. Chooda and Kaleeras are the real essentials of a Punjabi bride's wedding day look.

The outfit of a Manipuri bride is colorful and has a distinct style which is hard to find in any other community. A traditional Manipuri bride dons a skirt called Raslila on her wedding occasion. The Chakmas brides also wear black and red sarong which is also known as Pindhan in the local language. This entire outfit is teamed up with a blouse known as Silum. The Magh brides from the Manipuri community don the Thami sarong that covers almost the entire body and is coupled with a choli or a blouse which is full sleeved. The traditional outfit of a Manipuri bride is accessorized with the basic ornaments such as bangles, nose rings, necklaces and earrings.

The Bengali bride wears a Banarasi saree. Most Bengali brides prefer to wear a red Banarasi saree embellished with gold details or embroidery to match the gold jewellery. The traditional Bengali bridal look comprises of a beautiful red Banarasi saree, alta or red water colour on the hands and feet, mathapatti, necklaces, mukut and red and white bangles with gold.

The Marathi bride during the wedding put on a beautiful yellow or green Paithani saree with a golden border, hair tied in a neat bun, decorated with pearl ornaments and *Gajra*. The Paithani saree can either be woven in Kanjeevaram silk or even Banarasi silk. Most Paithani sarees have peacock and mango motifs of the Pallu and a square block design on the border. Mundavalya is the red and white beaded string like an ornament that the bride and wears across their forehead during their wedding ceremony. Two beaded string also fall from the string on either side on the forehead. Kolhapuri Saaz is the mangalsutra of Marathi brides.

The Gujarati bridal saree is called as a Panetar. Gujarati brides prefer to wear the traditional cream/ white and red saree for the wedding rituals. Many brides also choose Panetar style wedding lehenga choli that is made in white/ cream and red colors. Kundan necklace, heavy Jadau earrings or Jhumkas, also known as 'kan ni butti' in Gujarati, rings, Nathani or nose ring, armlets, hand ornaments, anklets, bangles, hair ornaments and Maang tikka or the forehead jewelry comprising of the entire array of jewels the bride adorns herself with.

Gujrati Brides also wear fine Bandhani sarees during their wedding ceremonies. One such glorious Bandhani saree is called as Gharchola – which is traditionally made in the colors of red/ maroon and green with Bandhani work and metallic and thread embroidery.

Tamilian brides dignify their wedding look with Kanchipuram Saree or Madurai Silk. A typical tamil bride usually wears a Kanjeevaram Saree in hues of bright colors with contrasting borders that have gold threads woven into beautiful patterns. Tamil bride is adorned with gorgeous looking heavy gold jewelry, passed on from one generation to the next. A few prominent jewelry pieces that adorn a Tamil bride are Metti (Toe Ring), Kolusu (Anklet), Oddiyanam (HipBelt), Vanki (Armlets), Maanga Malai (Mango shaped necklace), Nose Ring or Nose Stud, Earrings, Thalaisamaan (on forehead), Jadanagam (decorated braid). No tamil marriage is complete without wearing the flowers on the women's head.

The Malayali bride wears a white saree with a golden border known as 'kasavu saree'. The Kerala bride has started pairing her traditional white and gold saree with a shiny red silk blouse, layered gold jewellery and lots of flowers in her hair Her minimal jewelry and makeup, matching bangles and that oh-so-pretty Kamar Bandh are enough to make her look like a perfect Kerala bride.

Department of Posts is pleased to issue two sets of Souvenir Sheet with commemorative postage stamps Bridal Costumes of India and celebrates the vibrant colors and spirit of Indian weddings.

Credits:

Stamp/Souvenir Sheet/FDC/Brochure	:	Smt Gulistaan
Cancellation Cachet	:	Smt Nenu Gupta
Souvenir Sheet	:	Designed by Smt Gulistaan based on photographs arranged by Smt. Gulistaan, Sh. Amit Pandey and Sh. Ashish Raina.
Text	:	Sh. Pallab Bose

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
Department of Posts

भारतीय दुल्हनों की पोशाकें
BRIDAL COSTUMES OF INDIA

विवरणिका BROCHURE

भारतीय दुल्हनों की पोशाकें

विवाह, किसी भी समुदाय की संस्कृति, रीति–रिवाज, खान–पान, पहनावे और जीवन–शैली को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने का एक बेहतरीन माध्यम है। भारत में विवाह एक ऐसा उत्सव है, जिसमें वर और वधू को उनके जीवन की नई शुरुआत के अवसर पर आशीर्वाद देने के लिए सभी को आमंत्रित किया जाता है।

भारत में दुल्हन से जुड़े रीति–रिवाजों में लाल रंग का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी संस्कृति में यह रंग नवारंभ, नव उत्साह और समृद्धि को दर्शाता है। लाल रंग, नई शुरुआत और नारी शक्ति की प्रतीक, देवी दुर्गा का भी द्योतक है। भारतीय संस्कृति में लड़की, अपने पिता के घर से विदा होकर पति के घर में उसके परिवार के साथ रहती है। यह बदलाव, किसी भी पुरुष की तुलना में महिला के जीवन में बहुत बड़ा होता है, इसलिए यह उचित भी है कि सभी का ध्यान उसी पर केंद्रित हो और ऐसे में उसका चटक लाल जैसा गहरे रंग पहनना, जीवन की नई शुरुआत को भी दर्शाता है।

भारतीय दुल्हन, अधिकांशतः क्षेत्रीय परंपराओं के अनुसार विवाह के दिन साड़ी या लहंगा पहनती हैं। भारतीय संस्कृति में, दुल्हन के विवाह का जोड़ा वर पक्ष की ओर से शगुन के रूप में भेंट किया जाता है। एक ओर दक्षिण, पश्चिम और पूर्वी भारत में वैवाहिक पोशाक के रूप में साड़ी का प्रचलन है, वहीं पूर्वोत्तर क्षेत्र में वहां का पारंपरिक परिधान 'मेखला चादर' पहना जाता है। उत्तर भारत में दुल्हन की पोशाक के रूप में लहंगा, घाघरा–चोली और ओढ़नी को वरीयता दी जाती है।

कश्मीरी दुल्हन बुनाई से तैयार साड़ी पहनती है, जोकि इस पर किए सजावटी काम के कारण अत्यंत खूबसूरत दिखता है। इस परिधान के साथ मेल खाता दुपट्टा ओढ़ा जाता है और तरंग, कलपुष और जूझी के साथ श्रृंगार पूरा किया जाता है। दुल्हन के द्वारा पहने जाने वाले आभूषणों में भारी हार, चूड़ियों और पायल के साथ–साथ भारतीय संस्कृति में मंगलसूत्र के नाम से जाना जाने वाला देझारू नामक विशेष आभूषण भी शामिल होता है।

पंजाबी दुल्हन की पारंपरिक पोशाक भव्य पैंट सूट अर्थात् सलवार कमीज या लहंगा है। पंजाबी दुल्हन द्वारा हाथी दांत से बनी सफेद और गहरे लाल रंग की चूड़ियां पहनी जाती हैं, जिन्हें 'चूड़ा' कहा जाता है। सामान्यतः इन चूडियों की संख्या चार के गुणज में होती है और परंपरा अनुसार, इन्हें विवाह के बाद कम से कम एक वर्ष तक पहना जाता है। चूड़ा और कलीरे, पंजाबी दुल्हन की वैवाहिक पोशाक का अभिन्न अंग होते हैं।

मणिपुरी दुल्हन के विवाह की पोशाक रंग–बिरंगी और विशिष्ट शैली की होती है, जो किसी भी अन्य समुदाय में देखने को नहीं मिलती। पारंपरिक मणिपुरी दुल्हन द्वारा विवाह के दिन स्कर्ट पहनी जाती है, जिसे 'रासलीला' कहते हैं। चकमा दुल्हन द्वारा काले और लाल रंग की सरोंग पहनी जाती है, जिसे स्थानीय भाषा में पिंधन भी कहा जाता है। इसे एक ब्लाउज के साथ पहना जाता है, जो सिलम कहलाता है। मणिपुरी समुदाय की माघ दुल्हनों द्वारा थामी सरोंग पहनी जाती है, जो उनके लगभग पूरे शरीर को ढक देती है। इसे लंबी बाजू वाली चोली अथवा ब्लाउज के साथ पहनते हैं। मणिपुरी दुल्हन द्वारा पहनी गई चूड़ियां, नथ, गले का हार और झुमके, उसकी पारंपरिक पोशाक की शोभा में चार चांद लगा देते हैं।

बंगाली दुल्हन की पारंपरिक पोशाक बनारसी साड़ी है। अधिकांश बंगाली दुल्हनें, स्वर्ण आभूषणों के साथ, सुनहरे काम अथवा कशीदाकारी वाली लाल बनारसी साड़ी पहनना पसंद करती हैं। पारंपरिक बंगाली दुल्हन की वेश–भूषा में खूबसूरत लाल बनारसी साड़ी, हाथों और पैरों पर आलता (लाल पानी का रंग), माथापट्टी, हार, मुकुट और सोने से जड़ी लाल और सफेद चूड़ियां शामिल होती हैं।

मराठी दुल्हन द्वारा विवाह के अवसर पर सुनहरे बॉर्डर वाली खूबसूरत पीली अथवा हरे रंग की पैठणी साड़ी पहनी जाती है। जूड़े में बंधे बालों को मोती के आभूषणों और गजरे से सुसज्जित किया जाता है। पैठणी साड़ी, कांजीवरम सिल्क या बनारसी सिल्क से तैयार की जाती है। अधिकांश पैठणी साड़ियों के पल्लू पर मोर तथा आम के मोटिफ होते हैं और बॉर्डर पर वर्गाकार डिजाइन होता है। मुंडावल्य, लाल और सफेद मोतियों से बना लड़ीदार आभूषण है, जिसे विवाहोत्सव के दौरान वर और वधू द्वारा माथे पर पहना जाता है। इसमें मोतियों की दो डोरियां होती हैं, जो माथे के दोनों ओर रहती हैं। मराठी दुल्हन के मंगलसूत्र को कोल्हापुरी साज कहते हैं।

गुजराती दुल्हन की साड़ी को पानेतर कहा जाता है। गुजराती दुल्हन, विवाह की रस्मों के लिए पारंपरिक क्रीम/सफेद और लाल रंग की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। कुछेक दुल्हनों द्वारा विवाह के दिन पानेतर शैली का लहंगा चोली भी पहना जाता है, जो सफेद/क्रीम और लाल रंग का होता है। कुंदन हार, भारी जड़ाऊ झुमके, जिन्हें गुजराती में 'कान नी बूट्टी' के रूप में भी जाना जाता है के अलावा अंगूठियां, नथनी, बाजूबंद, हाथ के आभूषण, पायल, चूड़ियां, बालों के आभूषण और मांग टिक्का या माथे के गहने जैसे आभूषण उसकी खूबसूरती को और भी बढ़ा देते हैं।

कुछेक गुजराती दुल्हनों द्वारा विवाह समारोह में आकर्षक बांधनी साड़ी भी पहनी जाती है। ऐसी ही एक शानदार बांधनी साड़ी को घरचोला कहा जाता है – जो पारंपरिक रूप से लाल/मैरून और हरे रंग में बांधनी के काम तथा जरी और धागे की कढ़ाई के साथ बनाई जाती है।

तमिल दुल्हन की शोभा को बढ़ाती है, उसकी कांचीपुरम या मदुरै सिल्क की साड़ी। पारंपरिक तमिल दुल्हन आमतौर पर कंट्रास्ट बॉर्डर वाली चटक रंगों की कांजीवरम साड़ी पहनती है, जिसके बॉर्डर पर सोने के धागे से मनमोहक पैटर्न बने होते हैं। तमिल दुल्हन द्वारा पहने जाने वाले भारी सोने के आभूषण एक पीढ़ी द्वारा दूसरी पीढ़ी को सौंपे जाते हैं। तमिल दुल्हन द्वारा पहने जाने वाले प्रमुख आभूषणों में मेट्टी (बिछिया), कोलुसु (पायल), ओडियानम (कमरबंद), वंकी (बाजूबंद), मांगा मलई (आम के आकार का हार), नथ या नथुनी, झुमके, थलाइसामन (माथे पर पहने जाने वाला आभूषण), जदनगम (चोटी के लिए) आदि शामिल हैं। महिलाओं द्वारा बालों में लगाए गए गजरे के बिना कोई भी तमिल विवाह पूरा नहीं होता।

मलयाली दुल्हन, विवाह के अवसर पर सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनती है, जिसे 'कसवू साड़ी' कहा जाता है। वर्तमान समय में यहां की दुल्हनों द्वारा अपनी पारंपरिक सफेद और सुनहरे रंग की साड़ी को चमकीले लाल रेशम के ब्लाउज के साथ पहना जाने लगा है। इस परिधान के साथ, वे अलग–अलग लंबाई वाले (लेयर्ड) स्वर्ण आभूषण और बालों में ढेर सारे फूल पहनती हैं। कम आभूषण और मेकअप, पोशाक के रंग से मेल खाती चूड़ियां और आकर्षक कमरबंद के साथ केरल की दुल्हन अत्यंत खूबसूरत लगती हैं।

डाक विभाग, भारतीय विवाहोत्सव के इंद्रधनुषी रंगों और उत्साह को दर्शाते 'भारतीय दुल्हनों की पोशाकें' विषय पर स्मारक डाक–टिकटों वाली सूवेनियर शीट के दो सेट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार :

डाक–टिकट/सूवेनियर शीट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका	:	श्रीमती गुलिस्तां
विरूपण कैशे	:	श्रीमती नीनू गुप्ता
सूवेनियर शीट	:	श्रीमती गुलिस्तां द्वाराय श्रीमती गुलिस्तां, श्री अमित पांडे और श्री आशीष रैना द्वारा उपलब्ध कराई गई फोटो के आधार पर
पाठ	:	श्री पल्लव बोस

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्य	: 2500 पैसे (8)
Denomination	: 2500 p (8)
मुद्रित सूवेनियर शीट	: 111000 प्रत्येक
Souvenir sheets Printed	: 111000 each
मुद्रण प्रक्रिया	: वेट ऑफसेट
Printing Process	: Wet Offset
मुद्रक	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	: Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00